प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 06.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री ने आज जम्मू—कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्क ब्रिज, चिनाब पुल और भारत के पहले केबल आधारित रेल ब्रिज, अंजी पुल का किया उद्घाटन—चिनाब पुल में भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील का भी हुआ इस्तेमाल।

2— सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट—पीजी दो हजार पच्चीस की परीक्षा तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने की अनुमति दी।

3— बीजापुर जिले में पच्चीस लाख रूपए का इनामी एक माओवादी नेता मारा गया—दंतेवाड़ा जिले में आज सात माओवादियों ने किया आत्ममसर्पण।

4— रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज से शुरू हुआ तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>प्रधानमंत्री—चिनाब पुल उद्घाटन</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू—कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्क ब्रिज, चिनाब पुल और उधमपुर—श्रीनगर—बारामूला रेल लिंक पर भारत के पहले केबल आधारित रेल ब्रिज, अंजी पुल का आज उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश अब रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। इसके अलावा उन्होंने छियालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया।

चिनाब पुल के निर्माण के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड–सेल से सोलह हजार मीटरिक टन स्टील की आपूर्ति की गई, जिसमें दुर्ग के भिलाई इस्पात संयंत्र निर्मित स्टील शामिल हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक जनसंपर्क अमूल प्रियदर्शी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि चिनाब नदी में बने विश्व के सबसे उंचे पुल में भिलाई इस्पात संयंत्र का बारह हजार चार सौ मीटरिक टन से अधिक स्टील लगा है। इसमें स्ट्रक्चर प्लेट और टीएमटी बार जैसे उत्पाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रत्येक कार्मिक के लिए यह गर्व और खुशी का क्षण है।

## सुप्रीम कोर्ट–नीट परीक्षा

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी दो हजार पच्चीस की परीक्षा तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले, यह परीक्षा पन्द्रह जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी। बोर्ड ने तीन जून को समय बढ़ाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें कहा गया कि उसे परीक्षा केंद्रों की संख्या दोगुनी और सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने की जरूरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट–पीजी दो हजार पच्चीस की परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड को इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।

## वक्फ पोर्टल–शुभारंभ

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने आज नई दिल्ली में **उम्मीद** केन्द्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल को नई वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण, वक्फ विवरण दाखिल करना, औकाफ के रजिस्टर का रखरखाव और वक्फ के मुतवल्ली द्वारा खातों का रखरखाव प्रस्तुत करने सहित विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए स्थापित किया गया है। इस अवसर पर श्री रिजीजू ने कहा कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन में पारदर्शिता लाएगा।

**आज वक्फ अमेंडमेंट एक्ट का पहला सबसे बड़ा इम्प्लीमेंटेशन का प्रोसेस शुरू हो गया है। यह उम्मीद पोर्टल ये डिजिटल तरीके से सारे वक्फ प्रॉपर्टीज का मैनेजमेंट इस तरीके से करता है जिसके चलते कोई दुरूपयोग न कर सकें। कोई उसके छुपा न सकें, न इसको किसी तरीके से गुमराह कर सकें। पूरे ट्रांसपेरेन्ट तरीके से ये काम करें।**

माओवादी–मुठभेड़

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच आज फिर मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक इनामी माओवादी नेता मारा गया है। इसकी शिनाख्त तेलंगाना स्टेट कमेटी के पच्चीस लाख रूपए के इनामी माओवादी भास्कर के रूप में की गई है। घटनास्थल से माओवादी के शव के साथ ही एक एके–फोर्टी सेवन बरामद किया गया है। गौरतलब है कि कल हुई मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी माओवादी सुधाकर इसी जगह मारा गया था।

इस बीच, दंतेवाड़ा जिले में आज सात माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्ममसर्पण कर दिया है। इनमें से दो माओवादियों पर कुल एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने दन्तेवाड़ा के उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

वहीं, कांकेर जिले में सुरक्षा बलों ने एक माओवादी को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को बिनागुण्डा से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान इसने ग्राम झारावार के आगे पहाड़ी के पास पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में शामिल होना कबूल किया। आरोपी ने अपना नाम राजू नुरेटी बताया और इस पर पांच लाख रूपए का इनाम घोषित था।

**प्रधानमंत्री–ग्यारह वर्ष**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आज कहा कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोड़ी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे करने के अवसर पर श्री मोदी ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षो में देश का विकास युवाओं के दृढ़ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है।

**केन्द्र सरकार–11 साल**

देश में पिछले दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम देश के सभ्यतागत गौरव को स्थापित करने वाले सांस्ध्कृतिक धरोहर संरक्षण प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं।

**भारत की सांस्कृतिक यात्रा का पिछले एक दशक में चहमुखी विस्तार हुआ है। हम्पी के कालातीत मंदिरों से लेकर शास्त्रीय संगीत और नृत्य की जीवन परंपराओं तक सरकार ने मूर्त और अमूर्त दोनों विरासतों को नई ऊर्जा दी है। अयोध्या में राम मंदिर आस्था और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित है, वहीं वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से प्रतिष्ठित काशी विश्वनाथ मंदिर को गंगा नदी से सीधे जोड़कर तीर्थयात्रियों के अनुभव को सुखद बनाया है। उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना को विश्व स्तरीय सुविधाएं और आध्यात्मिक माहौल प्रदान करने के लिए शुरू किया गया। दूसरी ओर हिमालय में केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनर्विवाह के माध्यम से इन पवित्र मंदिरों में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे और सुरक्षा को मजबूत किया गया है।**

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा

पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कल रात कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिगटन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की। बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा की सफलता को लेकर श्री थरूर ने मीडिया को बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर और इसकी अनिवार्यता के संदेश का प्रसार विभिन्न देशों में किया।

इस बीच, भाजपा के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी पहुंचा है। जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

आतंकवाद के विरूद्ध भारत के कडे रूख का संदेश ले जाने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों में से पांच प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की सफल यात्रा करने के बाद भारत लौट चुके हैं।

## राष्ट्रीय आम महोत्सव

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव शुरू हो गया है। यह महोत्सव उद्यानिकी विभाग और प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल हो रहे हैं। आम की दो सौ से अधिक किस्मों और आम से बने छप्पन व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों प्रदेश के विभिन्न स्थानों में जाकर कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद कर रही है। रायपुर स्थित राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान–आई.सी.ए.आर. के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद कुमार चौधरी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों को यह जानकारी दे रही है कि सीमित संसाधनों में आमदनी किस तरह से बढ़ाई जाए।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान पर केन्द्रित रहेगा।** इस कार्यक्रम का प्रसारण कल सात जून को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। वहीं, प्राईमरी चैनल पर इस कार्यक्रम का प्रसारण सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**राज्यपाल–टीबी मरीज सहायता**

राज्यपाल रमेन डेका ने मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के दस टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए साठ हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह सहायता राशि उन्होंने अपने स्वेच्छानुदान मद से दी है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने कोंडागांव जिले में नायब तहसीलदार दिनेश सिंह ठाकुर को पन्द्रह हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

– कल ईद–उल–अजहा का पर्व छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

– महासमुंद पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। इनके पास दो क्विंटल चालीस किलोग्राम गांजा जब्त की गई है, जिसकी कीमत छत्तीस लाख रुपये बताई जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>